25—03—2019

अग्रवाल महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 25—03—2019 को राजनीति शास्त्र विभाग के अन्तर्गत अतिथि व्याख्यान करवाया गया जिसका विषय भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में उभरती हुई चुनौतियाँ था। विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के लिए समय—समय पर इस प्रकार के अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा—निर्देशन में आयोजित करवाये जाते रहे हैं । इसी श्रृंखला में यह अतिथि व्याख्यान शहीद भगतसिंह महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. रणजीत सिंह के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि आज विचारधाराओं व नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है, विभिन्न राजनैतिक दल विचारधाराओं पर ध्यान न देते हुए सत्ता के पीछे भाग रहे हैं और आपस में इसके लिए समझौते कर रहे हैं। पहले राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता धरातल पर कार्य करते थे। आज कौशलपूर्ण लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर राजनैतिक दलों का प्रचार व प्रसार किया जाता है। आज की राजनीति व्यक्ति के इर्द—गिर्द घूमती है तथा मुद्दे विहीन हो गयी है । अंत में उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शान्त करते हुए उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया । इस कार्यक्रम का आयोजन राजनीति शास्त्र कि विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग से श्रीमती ज्योति डागर उपस्थित थीं ।